**Need to give legal guarantee for MSP on agricultural produce**

**श्री जिया उर रहमान (सम्भल) :** माननीय सभापति जी, मैं इस देश के करोड़ों किसानों के मुद्दे पर बात रखना चाहता हूं । पिछले दिनों कई बार ऐसा हुआ कि किसानों के डेलिगेशन्स ने हमारे पास आकर, हमसे मिलकर अपने ज्ञापन दिए । मुझे अफसोस इस बात का है कि जो किसान इस देश की रीढ़ की हड्डी हैं, उनको भी अपने कार्यों के लिए आंदोलन करने पड़ते हैं ।

मैं इस देश की सरकार को कहना चाहता हूं कि सारी फसलों पर एमएसपी की गारंटी देनी चाहिए । सरकार सारे बड़े-बड़े उद्योगपतियों का लोन माफ करती है, क्यों किसानों के लोन को माफ नहीं किया जाता? कोई भी किसान हो, वह किसी एक धर्म से ताल्लुक नहीं रखता है, उनके लोन को माफ किया जाना चाहिए । सरकार ने वर्ष 2021 में वादा किया था कि कोई भी नया बिजली अधिनियम नहीं लेकर आएंगे । उनका खास तौर से प्वाइंट था कि कोई भी बिजली बिल नहीं आना चाहिए ।

सभापति जी, मैं इस बात को कहना चाहता कि संभल में किसान समाज के लोग हैं, यह समाज पूरे देश में हैं । उनके साथ बहुत उत्पीड़न हो रहा है, उनके साथ ज्यादती हो रही है, कानून व्यवस्था के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है । देश की सरकार केवल यह कहकर कि यह प्रदेश का मसला है, इस चीज से पीछे नहीं होना चाहिए । इस देश की सरकार को किसान भाइयों का संज्ञान लेना चाहिए ताकि उनको फिर से आंदोलन करने की जरूरत न पड़े ।